**प्रेस नोट 01- दिनांक 11.11.2023**
**थाना दही ,जनपद उन्नाव।**

- **थाना दही पुलिस द्वारा एक शातिर लुटेरे के किया गया गिरफ्तार**
- **लुटेरे के कब्जे से लूटे गये एक चैन व 14730/- रु0 किये गये बरामद**
- **लूट में प्रयोग की जाने वाली मोटरसाइकिल अभियुक्त के कब्जे से बरामद**

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दही पुलिस द्वारा एक शातिर लुटेरे को लूटी गई एक अदद टूटी पीली धातु की चैन व 14730/- रु0 बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल पल्सर 160 सीसी को बरामद किया गया।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 08.11.2023 को अखिलेश कुशवाहा पुत्र चन्द्र कुमार कुशवाहा निवासी ग्राम मुर्तजानगर थाना दही जनपद उन्नाव द्वारा थाना दही पर तहरीरी सूचना दी गई कि दिनांक 07/11/2023 को समय करीब साम 06.30 प्रार्थी अपनी पत्नी अन्नपूर्णा कुशवाहा व बच्चे के साथ मोटर साइकिल से उन्नाव से घर जा रहा था। जैसे ही प्रार्थी कानपुर लखनऊ हाइवे पर कटरा गांव के सामने हनुमान मन्दिर के पास पहुंचा तो तभी पीछे से अचानक एक मोटर साइकिल बिना नम्बर पल्सर गाड़ी आई जिसपर दो व्यक्ति पतले लम्बे सवार थे मेरी पत्नी के पीछे से गले में हाथ मारा जिससे मेरी पत्नी के पहने हुए चैन सोने की लगभग 10 ग्राम वजन तथा पतली चौडी चपटी हुयी को छीनकर भाग गये। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना दही पर मु0अ0सं0 328/23 धारा 392 भा0दं0वि0 बनाम पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही का विवरण-** आज दिनांक 11.11.2023 को थानाध्यक्ष श्री अनुराग सिंह व उ0नि0 अरविन्द कुमार सिंह व उ0नि0 ज्ञान सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबन्धित अभियुक्त जितेन्द्र सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह नि0 भखराखेड़ा H/O लगलेसरा थाना आसीवन जनपद उन्नाव उम्र 45 वर्ष को कब्जे से लूटी हुई एक अदद टूटी पीली धातु की चैन व 14730/- रु0 (संबन्धित मु0अ0सं0 334/23 धारा 392 IPC थाना हसनगंज) बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा एक अदद मोटरसाइकिल पल्सर 160 सीसी को 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

जितेन्द्र सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह नि0 भखराखेड़ा H/O लगलेसरा थाना आसीवन जनपद उन्नाव उम्र 45 वर्ष

## बरामदगी –

1. एक अदद मोटर साइकिल पल्सर 160 CC शीज शुदा अन्तर्गत धारा 207 MV Act
2. एक पारदर्शी डिब्बा जिसमें कुल 14730 रुपये सम्बन्धित मु0अ0सं0 334/23 धारा 392 IPC थाना हसनगंज उन्नाव
3. एक अदद पीली धातु की टूटी हुई चैन।

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त कल्लू

| क्र0सं0 | थाना | मु0अ0सं0 | धारा |
|---|---|---|---|
| 1 | आसीवन, उन्नाव | 349/05 | 323/325/504 IPC |
| 2 | आसीवन, उन्नाव | 778/06 | 3/5/25 A Act. |
| 3 | आसीवन, उन्नाव | 738/10 | 3/25 A Act. |
| 4 | आसीवन, उन्नाव | 2050/10 | 21/22 NDPS Act. |
| 5 | आसीवन, उन्नाव | 403/13 | 354 IPC व 3/4 POCSO Act. |
| 7 | आसीवन, उन्नाव | 582/13 | 3/4 उ0प्र0 गुण्डा अधि0 |
| 8 | आसीवन, उन्नाव | 376/04 | 379 IPC (FR) |
| 9 | माखी, उन्नाव | 101/20 | 3/25 A Act. |
| 10 | माखी, उन्नाव | 102/20 | 8/20 NDPS Act. |
| 11 | सोहरामऊ, उन्नाव | 102/20 | 392/411 IPC |
| 12 | सोहरामऊ, उन्नाव | 133/20 | 2/3 उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट. |
| 13 | अजगैन, उन्नाव | 10/20 | 392/411 IPC |
| 14 | दही उन्नाव | 328/23 | 392/411 IPC |

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.थानाध्यक्ष  श्री अनुराग  सिंह थाना दही उन्नाव
2. उ0नि0 अरविन्द कुमार सिंह
3. उ0नि0 श्री ज्ञान सिंह
4. हे0का0 चन्द्रशेखर पाल
5. का0 अंकुर कुमार
6. का0 कृष्ण प्रताप
7. का0 रोहित कुमार



## प्रेस नोट 02- दिनांक 11.11.2023
## थाना औरास ,जनपद उन्नाव।

- ## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना औरास पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 08.11.2023 को थाना औरास पर मु0अ0सं0-247/2023 धारा 363/366 भादवि पंजीकृत किया गया था। स्थानीय पुलिस द्वारा अपर्हता को सकुशल बरामद कर व विवेचना के क्रम में अभियोग में धारा 376 भादवि0 व धारा 5/6 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। आज दिनांक 11.11.2023 को उ0नि0 श्री मोर मुकुट पाण्डेय मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त मिथिलेश पुत्र राजू निवासी ग्राम सरौंद थाना औरास जनपद उन्नाव को मियागंज चौराहा थाना आसीवन जनपद उन्नाव से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**
मिथिलेश पुत्र राजू निवासी ग्राम सरौंद थाना औरास जनपद उन्नाव उम्र करीब 20 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**
01.उ0नि0 श्री मोरमुकटु पाण्डेय
02.हे0का0 प्रेमशंकर पाल



## • गैर इरादतन हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सोहरामऊ पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 11.07.2023 को थाना सोहरामऊ पर मु0अ0सं0- 104/2023 धारा – 143/147/323/304 भादवि पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 11.11.2023 को प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार व उ0नि0 श्री मो0 असलम व उ0नि0 श्री अंजनी कुमार सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त शिवम उर्फ शुभम उर्फ मयंक द्विवेदी उर्फ छुटक्के पुत्र राजेन्द्र कुमार द्विवेदी उर्फ पप्पू द्विवेदी निवासी ग्राम लखनापुर थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र करीब 20 वर्ष को ग्राम लखनापुर से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

शिवम उर्फ शुभम उर्फ मयंक द्विवेदी उर्फ छुटक्के पुत्र राजेन्द्र कुमार द्विवेदी उर्फ पप्पू द्विवेदी निवासी ग्राम लखनापुर थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र करीब 20 वर्ष




**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार।
2. उ0नि0 श्री मो0 असलम।
3. उ0नि0 श्री अंजनी कुमार सिंह।
4. हे0का0 अशोक कुमार यादव ।
5. का0 चन्द्रमौली दुबे।
6. का0 अंकुश पवार।